बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 280/2024

डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 के आधार पर राज्य के सरकारी डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु तृतीय चयन सूची जारी किए जाने के संबंध में आवश्यक सूचना

समिति की विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 252/2024, पी0आर0 258/2024 एवं पी0आर0 266/2024 के क्रम में सभी संबंधित हितधारकों को यह सूचित किया जाता है कि राज्य के डी०एल०एड० प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024–26 में नामांकन हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 के पश्चात् ऑनलाईन आवेदन के आधार पर प्रथमतः सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु दो चरण में चयन सूची जारी कर नामांकन की कार्रवाई की गई है।

2. कतिपय प्रशिक्षण संस्थानों में आवंटित आवेदकों द्वारा नामांकन नहीं लिये जाने के फलस्वरूप सीट रिक्त रह जाने के कारण मेरिट–कम–च्वॉइस के आधार पर सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु तृतीय चयन सूची तैयार कर जारी की जानी है।

3. तद्नुसार तृतीय चयन सूची एवं नामांकन की अन्य गतिविधि निम्नवत् निर्धारित की जाती है :–

कार्य	तिथि
तृतीय चयन सूची जारी होने की तिथि	13.08.2024
आवेदकों को तृतीय सूचना पत्र (Third Intimation letter) निर्गत करने की तिथि	14.08.2024
नामांकन की अवधि	14.08.2024 से 20.08.2024 तक
प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पोर्टल पर Login कर अंतिम रूप से सीट अद्यतन (Updation) किया जाना	21.08.2024 तक

4. तृतीय चरण में जिन आवेदकों के नामांकन हेतु संस्थान का आवंटन हुआ है, उन्हें यह परामर्श दिया जाता है कि वे उक्त निर्धारित तिथि 20.08.2024 तक अपना नामांकन अवश्य करा लें। जो आवेदक अपने आवंटित संस्थान में उक्त अवधि तक नामांकन नहीं लेते हैं, उनका अभ्यर्थित्व अगले चरणों के लिये समाप्त कर दिया जाएगा।

5. डी०एल०एड० कोर्स संचालित सभी संस्थानों के प्राचार्य को निर्देश दिया जाता है कि इस संबंध में समिति के विज्ञप्ति/पत्रों के माध्यम से समय–समय पर दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

6. समिति की विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 236/2024 में निर्धारित अन्य निर्देश एवं शर्तें यथावत् रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)